



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**फरवरी-2026**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

● दिनांक 26.01.2022 : 77वें गणतन्त्र दिवस पर श्री आशुतोष पाण्डेय्, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर पुलिस रेडियो मुख्यालय पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगा" फहराया गया। तत्पश्चात, उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर भारत सरकार एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीकृत किये गये विभिन्न पदकों का वितरण भी किया गया।

श्री पाण्डेय् ने उल्लेख किया कि हमारा गणतन्त्र, आजादी की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अनेक देशभक्तों के आदर्श जीवन-मूल्यों पर आधारित है। व्यक्ति की गरिमा, विश्व बंधुत्व, सर्वधर्म-समभाव एवं धर्मनिरपेक्षता भारतीय गणतन्त्र के मूलतत्व हैं।

श्री पाण्डेय् ने अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित सम्बोधन में गणतन्त्र दिवस को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्मनिरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र को मजबूत करने वाला राष्ट्रीय पर्व बताया तथा सभी कार्मिकों को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी।





| पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 | पीएनओ | पदनाम | नाम | नियुक्ति |
| 1 | 950590112 | उपनिरीक्षक (लिपिक) | श्री विमल कुमार उपाध्याय | रेडियो मुख्यालय |
| **गृह मंत्रालय, भारत सरकार का अति उत्कृष्ट सेवा पदक** | | | | |
| 1 | 941020017 | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री राजेन्द्र चन्द्र पाल | रेडियो मुख्यालय |
| 2 | 971027293 | प्रधान परिचालक | श्री कुमारी सीमा वर्मा | जनपद लखनऊ |
| 3 | 975011227 | प्रधान परिचालक | श्री राम प्रकाश सिंह | एसडीआरएफ लखनऊ |
| 4 | 971028690 | प्रधान परिचालक | श्री संतोष कुमार | रेडियो मुख्यालय |
| 5 | 971028560 | प्रधान परिचालक | श्री देवेन्द्र सिंह | रेडियो मुख्यालय |
| 6 | 971029680 | प्रधान परिचालक | श्री गणेश प्रसाद गुप्ता | रेडियो मुख्यालय |
| 7 | 971024223 | प्रधान परिचालक | श्री विष्णु कान्त | रेडियो मुख्यालय |
| 8 | 971025747 | प्रधान परिचालक | श्री राजपत गौतम | रेडियो मुख्यालय |
| 9 | 971024106 | प्रधान परिचालक | श्री अरविंद कुमार सिंह | रेडियो मुख्यालय |
| **गृह मंत्रालय, भारत सरकार का उत्कृष्ट सेवा पदक** | | | | |
| 1 | 991020155 | उपनिरीक्षक (लेखा) | श्री राम प्रताप सिंह | रेडियो मुख्यालय |
| 2 | 041020063 | प्रधान परिचालक | श्री गणेश चन्द्र पाठक | रेडियो मुख्यालय |
| 3 | 051020037 | प्रधान परिचालक | श्री विवेक कुमार शर्मा | यूपी एसएसएफ लखनऊ |
| 4 | 061026399 | प्रधान परिचालक | श्री देवेन्द्र सोनकर | रेडियो मुख्यालय |
| 5 | 061027060 | प्रधान परिचालक | श्रीमती बबिता सिंह | रेडियो मुख्यालय |
| 6 | 061020779 | प्रधान परिचालक | श्री ऋषिराज कुमार त्रिपाठी | जनपद लखनऊ |
| 7 | 061026416 | प्रधान परिचालक | श्री मोहम्मद नफीस | रेडियो मुख्यालय |
| 8 | 061026168 | प्रधान परिचालक | श्री अमित कुमार सिंह | रेडियो मुख्यालय |
| 9 | 061027640 | प्रधान परिचालक | श्री शशिकान्त दीक्षित | रेडियो मुख्यालय |
| 10 | 061021134 | प्रधान परिचालक | श्री कमलेश कुमार साहू | रेडियो मुख्यालय |
| 11 | 061024579 | प्रधान परिचालक | श्री अली अब्बास जाफरी | रेडियो मुख्यालय |
| 12 | 061029109 | प्रधान परिचालक | श्री अमित शर्मा | रेडियो मुख्यालय |
| 13 | 061028962 | प्रधान परिचालक | श्री आशीष कुमार द्विवेदी | रेडियो मुख्यालय |





## सराहनीय कार्य

- निम्न महानुभावों के भ्रमण हेतु फ्लीट एवं अन्य स्थलों से निर्बाध संचार संचालन हेतु आधुनिक तकनीकी के डिजिटल वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन, ग्रिड अनुशासन का पालन करते हुए एवं अन्य केन्द्रों से भी इसका पालन कराते हुए रीयल टाइम में सूचनाओं का त्वरित एवं स्पष्टतापूर्वक प्रेषण करते हुए प्रत्येक गतिविधि को प्रारम्भ से अन्त तक पूर्ण जिम्मेदारी एवं दक्षता से कुशलतापूर्वक निष्पादित किया गया-

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 18.01.2026 | कानपुर |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 14.01.2026 | गोरखपुर |
| 15.01.2026 | |
| 16.01.2026 | |
| 17.01.2026 | वाराणसी |
| 18.01.2026 | बस्ती |
| 22.01.2026 | मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद, मुरादाबाद |

## कल्याणकारी कार्य

- रेडियो कालोनी एवं जनपद लखनऊ में आवासित ईच्छुक समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं उनके परिवार को रेडियो मुख्यालय द्वारा श्रीराम मंदिर, अयोध्या का दर्शन कराया गया।



## नवनिर्माण

- पुलिस लाइंस, जनपद कासगंज परिसर में पुलिस रेडियो काम्पलेक्स का नवनिर्माण हुआ है। यह दो मंजिला भवन है, जिसमें कुल 17 कमरे हैं। इस भवन में जनपद नियंत्रण कक्ष को शिफ्ट करा दिया गया है।






## उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत आदेश/निर्देश

- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 1420/सैतालीस-का-5-2025-1838120 दिनांक 06.01.2026 द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दिनांक 31.01.2026 तक दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं एवं जिन कार्मिकों द्वारा प्रश्नगत सूचना समय से अपलोड कर दी जायेंगी, उन्हें ही माह जनवरी, 2026 का देय वेतन भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेश/निर्देश

- जनपद प्रयागराज में माघ मेला ड्यूटी एवं जनपद लखनऊ में यूपी दिवस प्रदर्शनी हेतु निम्नानुसार संचार उपलब्ध कराया गया है- 1. माघ मेलाः डिजीटल स्टैटिक सेट-36, डिजीटल हैण्डहैल्ड सेट-105, 12 वो0 हैवी ड्यूटी बैट्री-15, 2. यूपी दिवस प्रदर्शनी : डिजीटल स्टैटिक सेट-01, एनालॉग स्टैटिक सेट-01, एनालॉग हैण्डहैल्ड सेट-01, डिजीटल हैण्डहैल्ड सेट-02, डिजीटल एचएफ सेट-01, एनालॉग एचएफ सेट-01 एवं पावर सप्लाई-02।

## कुम्भ मेला मेडल

- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण के पत्र संख्याः एफ-42/2023(पार्ट-1) मेडल दिनांक 13.01.2026 द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक, महाकुम्भ, प्रयागराज कार्यालय से प्राप्त 1119 अदद महाकुम्भ सेवा मेडल एवं प्रशंसा पत्र आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सर्वसम्बन्धित को वितरित किया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जनवरी-2026 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी-1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार, झाँसी, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम बचन राम, बलरामपुर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उदय नारायण, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कौशल किशोर यादव, मथुरा, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रकाश, शाहजहाँपुर, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री संजय कुमार, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम यज्ञ, अम्बेडकरनगर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ब्रम्ह कुमार दीक्षित, हाथरस, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र कुमार त्रिपाठी, कन्नौज, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, गोण्डा, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वेद प्रकाश, पीलीभीत, 12. कर्म0 कर्मचारी, श्री सुरेश कुमार मिश्र, जौनपुर, 13. संदेशवाहक, श्री श्रीभगवान मिश्र, अयोध्या।

## विशेष प्रशिक्षण

- संचार व्यवस्था को तकनीकी रूप से और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 30.01.26 को एक दिवसीय विशेष रेडियो कम्यूनिकेशन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 60 पुलिस कर्मियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में प्रशिक्षक टीम श्री गोपालजी वर्मा, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री रामलाल यादव, रेडियो उपनिरीक्षकगण द्वारा पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।


पुलिस की संचार प्रणाली होगी और अधिक मजबूत

## प्रशिक्षण केन्द्रों में गणतन्त्र दिवस समारोह

- गणतन्त्र दिवस-2026 के अवसर पर होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र, झांसी में सहायक परिचालक प्रशिक्षुओं द्वारा गरिमापूर्ण परेड का प्रदर्शन किया गया।



- गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर सीआरपीएफ प्रशिक्षण केन्द्र, अमेठी में हेड कांस्टेबिल प्रमोशनल कोर्स प्रशिक्षुओं एवं सहायक परिचालक प्रशिक्षुओं के मध्य वॉलीबाल मैच का आयोजन कराया गया, जिसमें सहायक परिचालक प्रशिक्षु 02-01 से विजयी रहे।



## वार्षिक कार्यशाला

- दिनांक 05 .01 .2026 को प्रशिक्षण केन्द्र सभागार, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ में उ0प्र0 पुलिस रेडियो वार्षिक कार्य सम्पादन रिपोर्ट, विभागीय स्तर पर विकसित तकनीकी, विभागीय उपलब्धियों एवं विभागीय विज़न आदि हेतु एक कार्यशाला का आयोजन श्री आशुतोष पाण्डेय, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

श्री सत्य प्रकाश सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा उक्त कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए इसके महत्व एवं आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए सभी कार्मिकों के प्रतिभाग का आवहान किया गया ।उक्त कार्यशाला में उत्तर प्रदेश पुलिस संचार में प्रशिक्षण की चुनौतियॉ, नवाचार एवं प्रबन्धन, पूर्वी/पश्चिमी क्षेत्र में तकनीकी उपकरणों की स्थिति, उनका रख-रखाव और निष्प्रयोज्यीकरण से सम्बन्धित सम्पन्न कार्यवाही, मा0 न्यायालयों में लम्बित मामलों/खोये-पाये/क्षतिग्रस्त संचार उपकरणों से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में जनपद स्तर से किये गये प्रयास एवं प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, विशेष या नवाचार आधारित गतिविधियॉ, जिन्हें वर्ष के दौरान क्रियान्वित किया गया एवं उनके परिणाम (केस स्टडी), क्रय प्रक्रिया एवं विभाग हेतु क्रयाधीन उपयोगी संचार उपकरण एवं कार्मिकों के कल्याण हेतु सम्पन्न गतिविधियॉ इत्यादि विषयों पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विचार-विमर्श किया गया।

श्री रवीन्द्र सिंह, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, पूर्वी, श्रीमती अंजुल गंगवार, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, पश्चिमी, श्री राजेन्द्र कुमार, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण, श्री लक्ष्मण सिंह, राज्य रेडियो अधिकारी, लखनऊ जोन एवं श्री रंजन कुमार मिश्रा, सहायक रेडियो अधिकारी, प्राविधिक द्वारा उपरोक्त वर्णित विषयों पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया।



लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन: श्री सत्य प्रकाश सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0
डिज़ाइन सहयोग: श्री अजय कुमार सोनकर, रेडियो उपनिरीक्षक